श्री अटल बिहारी बाजपेयी : क्या आप यह चाहते हैं कि कमेटी विश्वास करे कि कम्पोजिटर ने निकाल दिया था। जिन्होंने प्रूफ़ पढ़ा—उन्होंने इस को नोट नहीं किया, जिन्होंने फाइनल प्रूफ़ पढ़ा उन्होंने भी नोट नहीं किया ?

श्री नूरुल आबदीन : एक ही आदमी इस को देखते हैं। मेरे पास एक ही प्रुफ़ रीडर हैं, इतनी बड़ी कम्पनी तो है नहीं कि ज्यादा प्रूफ रीडर रख सकूं।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : आप कानून की चीजें छापते हैं, क्या यह कोशिश नहीं करते कि सही चीजें छपें ?

श्री नूरुल आबदीन : कोशिश तो होती है।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : फिर इतनी बड़ी गल्ती कैसे हो गई ?

श्री नूरुल आबदीन : इस के अन्दर असल में मेन-चीज है—सैक्शन्ज। इस लिये सैक्शन्ज पर हम ज्यादा ज़ोर देते हैं।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : सैक्शन्ज सही छापते हैं, टाइटल गलत हो सकता है।

श्री नूरुल आबदीन : टाइटल फट सकता है, खराब हो सकता है—यह परमानेन्ट चीज भी नहीं है—यह तो एक टेम्परेरी चीज होती है।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी: जो कम्पोजिटर या प्रूफ रीडर सैक्शन्ज का सही छापना देख सकते हैं, वे यह नहीं देखसकते कि टाइटल में से 'टु बी' कैसे निकल गया—यह क्या बात है ? आप के जो लायर्स सैक्शन्ज़ को देखते हैं, क्या वे इस का फाइनल प्रूफ भी देखते हैं ?

श्री नूरुल आबदीन : सैक्शन्ज लायर्स देखते हैं, कवर—प्रूफ रीडर देखते हैं।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : आप कोई ऐसी चीज बता सकते हैं जिस से यह साबित हो सके कि सिर्फ 500 कापीज ही छापी गईं, ज्यादा नहीं छापी गईं—क्या आप के पास कोई प्रिन्ट आर्डर है ?

श्री नूरुल आबदीन : प्रिन्ट आर्डर है । मेरे पास मैटर भी उसी तरह से रखा हुआ है--पूरा कम्पोज्ड । जितनी कापी की जरूरत हो उतनी छापी जा सकती है !

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : इस की कीमत 11 रुपये है--इस में पब्लिशर का फायदा कितना है ?

श्री नूरुल आबदीन : इस पर 50 परसेन्ट डिस्काउन्ट है । हम साढ़े पांच रुपये में देते हैं । लायर्स इस का कन्सेशन कर के 8 रुपये देते हैं, कोई 6 रुपये भी देते हैं--यह यू० पी० की मार्केट का हाल है ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : इस में तो तमाम मसाला आप को तैयार मिला है, अपनी तरफ से तो इस में कुछ भी कन्ट्रीब्यूट नहीं किया है, किसी से कुछ लिखाया भी नहीं है ?

श्री नूरुल आबदीन : इस में कम्पैरेटिव चार्ट बनाने में लेबर पड़ी है । नये तथा पुराने सैक्शन्ज को कम्पेअर किया है ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : आप का मतलब है कि इस में ज्यादा फायदा नहीं है ।

श्री नूरुल आबदीन : फायदे की इन्टेन्शन इतनी नहीं थी, जितनी कि पब्लिसिटी की थी ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : पाब्लिसिटी किस के लिये ?

श्री नूरुल आबदीन : फर्म के लिये ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : पब्लिसिटी तो आप की अभी भी हो रही है । पार्लियामेन्ट में आप की कम्पनी के खिलाफ़ प्रिवलेज का मामला उठा है, आप को कमेटी के सामने बुलाया गया है--यह पब्लिसिटी क्या फर्म के फायदे में जा रही है ?

श्री नूरुल आबदीन : उस वक्त यह चीज़ माइण्ड में नहीं थी कि ऐसी चीज़ भी पैदा हो सकती है, क्योंकि उस जमाने में मैं खुद अपनी फैमिली लाइफ़ में बहुत परेशान था और इस वक्त भी काफी परेशान हूं ।

At that time, my father was in the hospital and I had to go daily 12 miles and come back. He was operated for prostrate glands. My mother is still in the hospital and suffering from cancer. That is why, I am not looking so much to the business.

Shri H. N. Mukerjee: Do you seriously maintain that merely by changing "as passed by the Rajya Sabha" into "to be passed by the Rajya Sabha" you would be able to defend your position? Is it your impression that this correction is enough?

Shri Nurul Abdin: I cannot say.

Shri H. N. Mukerjee: That has been your contention—that you wanted to say "to be enacted". Are you a lawyer by any chance?

Shri Nurul Abdin: No, Sir.

Shri H. N. Mukerjee: But you have some education, I am sure. Do you know that if you put some words in this type of bold print, very prominently, and then put something else in smaller capitals, the impression given to the public is that the substance is to be derived from this bold print rather than this smaller type of print? You know that as a matter of common sense and from your publication experience?

Shri Nurul Abdin: Actually, when a lawyer purchases a book, he goes through the inside matter of the book; he sees whether it is an Act, and what is the date of enforcement, etc.

Shri H. N. Mukerjee: Were you not trying to pass off as genuine a counterfeit material in that Code of Criminal Procedure, and now trying to make a modification by saying "to be enacted"? Do you know that this amounts to trying to pass off something which is not genuine as genuine?

Shri Nurul Abdin: It is a mistake.

Shri H. N. Mukerjee: You have tried to argue in your letter that what you wanted was an academic discussion by the legal profession and other people interested in legislation. Is there anything in this book—— any introduction or preface or forward or anything else to indicate that you called upon the legal profession to examine the provisions of the Bill proposed before Parliament?

Shri Nurul Abdin: On p. 220 I have given a Statement of Objects and Reasons.

Shri H. N. Mukerjee: This is a statement of Objects and Reasons by the Government.

Now, you are publishing and selling this and making outright profit out of the sale. You are selling something which you are passing off as the New Code of Criminal Procedure. You have said that you wanted a discussion by the academic circles and as justification you say that you have given a Statement of Objects and Reasons. But this statement is part of the Bill which was presented to the

Rajya Sabha. What kind of argument is this? How you justify it. You have included nothing of your own by which we can which we can understand that your honest intention was to secure a discussion by the legal people in the country on the new legislation. Is that not so?

(No answer)

You have nothing to say in justification?

(No answer)

Shri Somnath Chatterjee: Since when has this firm been carrying on business as a publishing house?

Shri Nurul Abdin: Since 1960.

Shri Somnath Chatterjee: You have got other publications also?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Somnath Chatterjee: How many?

Shri Nurul Abdin: About twenty.

Shri Somnath Chatterjee: Is any of those publications a copy of any Act just like this?

Shri Nurul Abdin: No, Sir; but we have got copies of Acts with notes.

Shri Somnath Chatterjee: This is the first time you are printing only a copy of a Bill or an Act?

Now, you are the Proprietor of this Business house and you are also Law Books sellers. I take it that you know this much at least, that unless a Bill becomes an Act, it is not in force at all?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Somnath Chatterjee: Now, you wanted to capture the Market? You have said in your letter that you wanted to go into the market as quickly as possible with this publication.

Shri Nurul Abdin: My only intention was to give an idea that such and such a Bill is pending before the House and such and such changes are taking place.

Shri Somnath Chatterjee: In your 13 years' of experience as Law Book Sellers, You never thought in the past that you should publish Bills which have not yet become the law of the land, and this is the first time that you thought at informing the people that a new Criminal Procedure Code has been prepared? Why?

Shri Nurul Abdin: Because, When it was announced in the Radio and the newspapers, lawyers began to ask what changes are going to take place.

Shri Somnath Chatterjee: You got a copy of the Bill before it was passed by the Rajya Sabha?

Shri Nurul Abdin: It was pending in the Rajya Sabha.

Shri Somnath Chatterjee: Therefore, you never got an official copy of the Bill as passed by the Rajya Sabha? You never had it with you?

Shri Nurul Abdin: I have got through some source.

Shri Somnath Chatterjee: When? After the publication of this book?

Shri Nurul Abdin: No, before that. After going through that, and the necessary changes in the Bill, I brought out this book.

Shri Somnath Chatterjee: Necessary changes?

Shri Nurul Abdin: Which were introduced in the Rajya Sabha.

Shri Somnath Chatterjee: Necessary changes where?

Shri Nurul Abdin: In the copy of the Bill.

Shri Somnath Chatterjee: Did you get an official copy of the Bill as passed by the Rajya Sabha?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Somnath Chatterjee: Where did you make the changes?

Shri Nurul Abdin: No changes; I simply reporduced it.

Shri Somnath Chatterjee: And then, you have referred to another publication by the Panchayat Publishers. Why did you refer to it? Or did you copy this from the Panchayat Publication?

Shri Nurul Abdin: I have got both the copies.

Shri Somnath Chatterjee: If you have got an official copy, why did you copy from the Panchayat publication?

Shri Nurul Abdin: Simply to see it.

Shri Somnath Chatterjee: See what?

Shri Nurul Abdin: That book.

Shri Somnath Chatterjee: Only to see that book, you copied from it?

Shri Nurul Abdin: No, Sir; I have got the original copy of the Bill as well as that copy.

Shri Somnath Chatterjee: Why?

Shri Nurul Abdin: Just to know.

Shri Somnath Chatterjee: Know what?

Shri Nurul Abdin: What exactly they have published.

Shri Somnath Chatterjee: I see. Then, finding that a somebody else has printed a Bill, you thought there was a good deal of scope in the market because there were enquiries, and you should immediately publish it? This was your intention, wasn't it?

(No answer)

You have no anwer? You have said that you intended to publish this book after the Bill became an Act?

(No answer)

Shri Somnath Chatterjee: After the Bill became an Act, did you have any such intention that you should publish it?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Then how could you publish it before it became an Act?

Shri Nurul Abdin: It was because the people were demanding for it.

Shri Somnath Chatterjee: Therefore, there was market even for a Bill. But you felt that by describing it a 'Bill' you would not get good customers, you described it as an Act.

Shri Nurul Abdin: Not like that Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Do you know the difference between the Bill and an Act.

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Do you know that Lok Sabha was yet to discuss it?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Do you know that there might be numerous amendments in Lok Sabha on this Bill?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Even knowing all that you have clearly given an impression that this is the law of the land.

Shri Nurul Abdin: Actually, Sir, in U.P. when the Rent Control Act was first introduced, it was published by the Eastern Book Company because people were very much eager to know what it was. That is why I also published this.

Shri Somnath Chatterjee: Did you have any such copy with you where you could find the heading of the book as "Criminal Procedure Code" Bill 1972 as passed by the Rajya Sabha. You have omitted the word 'Bill' and you also changed the year from 1972 to 1973.

Shri Nurul Abdin: In the copy of the Book this date was mentioned. It was only to clarify the real thing between the old and the new I mentioned it as 1973.

Shri Somnath Chatterjee: If your intention was merely to publish the Bill you would not have made corrections yourself.

Shri Nurul Abdin: I would not make it because I could not see the actual proof reading. If I had gone through it myself, I would have seen that.

Shri Somnath Chatterjee: Now, you want to say that you wanted to use the word 'Bill'

Shri Nurul Abdin: Sir, our proof reader could not follow it.

Shri Somnath Chatterjee: A little while ago you said that it was going to be published as 'Code of Criminal Procedure Bill' and the word 'Bill' has been omitted by the proof reader.

Shri Nurul Abdin: Sir, I have already tendered my apology for the omission of the word 'Bill'.

Shri Somnath Chatterjee: Where have you said this? In your copy of letter, it does not indicate anything like that.

Shri Nurul Abdin: Here I have mentioned that "unfortunately the printing mistake crept in the title....."

Shri Somnath Chatterjee: Therefore, only the printing mistake you have referred to in your letter but not the apology. This is a new law referring to Criminal Procedure Code and there is a very good demand for this because new law is coming into force after almost 75 years and you wanted to take advantage of the circumstances. Now you are blaming your proof reader and your lawyers.

Shri Nurul Abdin: Sir, I am responsible for that. It is a mistake.

Shri Somnath Chatterjee: And you have tried to mislead the pubilc knowing fully well that they should be misled.

Shri Nurul Abdin: If my intention was like that, I would have mentioned the word "Bill".

Shri Somnath Chatterjee: And the Bill is yet to be passed by Lok Sabha. Have you said anywhere, because people may not be knowing, that the Bill goes to Lok Sabha first or the Rajya Sabha first.

Shri Nurul Abdin: Our customers are mainly lawyers, judges, etc. They are well acquainted with the law.

Shri Somnath Chatterjee: Are you prepared to return the money to those persons who purchased this book?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Somnath Chatterjee: Have you got the list of those purchasers?

Shri Nurul Abdin: But nobody was ready to receive the money back.

Shri Somnath Chatterjee: Have you offered to anybody?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir. To many people, when they came to purchase this, I told them that this was the Bill and not an Act. They should first verify that and then purchase.

Shri Vasant Sathe: You have said that your customers are mainly the legal practitioners and public prosecutors who are well aware that any Bill can become an Act unless and until it receives the assent of the President. Are you also aware that no Bill can become an Act unless it receives the assent of the President?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Vasant Sathe: Do you also know that no Bill can become an Act unless it is passed by both the Houses of Parliament? Are you aware that there are certain Bills which are first introduced in Lok Sabha and then after being passed in Lok Sabha, the Bill goes to Rajya Sabha or it may be first introduced in Rajya Sabha and then it goes to Lok Sabha. Are yo aware of this fact?

Shri Nurul Abdin: (No reply).

Shri Vasant Sathe: You were aware that this Bill not passed by the Lok Sabha?

Shri Nurul Abdin: Yes, Sir.

Shri Vasant Sathe: You knew that, at the time of publishing this?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Vasant Sathe: You also knew that in the Lok Sabha, there is a likelihood of quite a few amendments to or changes in the Bill before it becomes an Act. You also knew that when the Bill, which was passed by the Rajya Sabha, comes to the Lok Sabha, there may be a few amendments to the Bill?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Vasant Sathe: Therefore, knowing this fully well, you wanted to publish this as a Bill to elicit public opinion and to educate public opinion. That is what you said. That was your argument.

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Vasant Sathe: Why did you not publish this as a Bill before it was introduced in the Rajya Sabha, when you got the Gazette? You knew that the Bill was published in the Gazette and you also got the Gazette. If your object was to educate public opinion, about the proposed Bill, why did you not publish the Bill as published in the Gazette? why did you wait till it was passed by Rajya Sabha?

Shri Nurul Abdin: Because, at that time, it was not certain when it will come.

Shri Vasant Sathe: It may come at any time. It was a proposed Bill and you wanted to educate public opinion so that lawyers, bar associations etc. may give their opinion. That was your object? Is it not?

Shri Nurul Abdin: Yes.

Shri Vasant Sathe: why did you not publish the Bill as it was published in the Gazette? why did you wait till it was passed by Rajya Sabha? That is my question. If that was your intention and you want us to believe that.

Shri Nurul Abdin: Because, at that time, we had no knowledge about this.

Shri Vasant Sathe: About what?

Shri Nurul Abdin: About this Bill.

श्री वसंत साठे : गजेट आप के पास आया था ?

श्री नूरुल आबदीन : जी, हां ।

श्री वसंत साठे : आप ने बताया है कि गजेट आप के पास आ गया था और उस को आप ने देखा । तो आप की नालिज में आ गया था कि यह बिल था ?

श्री नूरुल आबदीन : जी, हां ।

श्री वसंत साठे : 13-12-72 में जब यह गजेट में छपा था, तो उस वक्त आपने पब्लिक ओपीनियन एलिसिट करने के लिए नहीं छापा । "पास्ड बाई राज्य सभा" क्यों छापा, इस का आप खुलासा दे सकते हैं ।

श्री नूरुल आबदीन : जब वकीलों ने मांगना शुरू किया, तब स्ट्राइक किया कि यह छपना चाहिए ।

श्री बसंत साठे : जबानी मांगा या खत लिखा ?

श्री नूरुल आबदीन : मेरी शाप हाई कोर्ट के बिल्कुल सामने है और कुछ ही गज की दूरी पर है । रोजाना हाई कोर्ट के लाइयर्स आते जाते रहते हैं और खरीदते रहते हैं और बाहर के आफिशियल्स भी आते रहते हैं ।

श्री बसंत साठे : वे क्या कहते थे ।

श्री नूरुल आबदीन : बिल की कापी हमें दो ।

श्री बसंत साठे : ऐज पास्ड बाई राज्य सभा ?

श्री नूरुल आबदीन : वे तो बिल ही कहते थे ।

श्री बसंत साठे : उन्होंने यह तो नहीं कहा था कि जो बिल राज्य सभा से पास हुआ है, वह हमें दो ?

श्री नूरुल आबदीन : वह तो कहते थे कि नया क्रिमिनल प्रोसीजर कोड का बिल कहां है । वह हमें दो ।

श्री बसंत साठे चलो यह बात एक मिनट के लिए मान भी ली जाए । हाई कोर्ट, इलाहाबाद के जिन लोगों ने आप से छपी हुई कापी ली, उन्होंने इस के ऊपर कोई राय बना कर दी । उन की बार एसोसियेशन ने कुछ लिख कर दिया कि बिलों में ये तरमीम होनी चाहिए ?

श्री नूरुल आबदीन : आपस में डिस्कशन करते रहते हैं ।

श्री बसंत साठे : कोई प्रस्ताव बना कर नहीं दिया ?

श्री नूरुल आबदीन : जरूर किया होगा, हमें मालूम नहीं है ।

श्री बसंत साठे : यह जो आप ने नया दुरुस्ती बिल छापा, इस की कितनी कापीज आपने छापी ?

श्री नूरुल आबदीन : ये तो वही कापीज हैं । इस के दो पेज हम ने बदल दिये, कवर चेन्ज कर दिया । बाकी सब वही है ।

श्री बसंत साठे : जिन को आप ने पहली कापीज बेची थी, उस को दुरुस्त की हुई कापी आप ने दी ?

श्री नूरुल आबदीन: जो लोग काऊंटर पर आते हैं, उन को चेन्ज कर के दे देता हूं और पहली वाली कापी वापस ले लेता हूं ।

श्री बसंत साठे : ऐसे कितने आदमी आए ?

श्री नूरुल आबदीन : 10, 15 आदमी आए ।

श्री वसंत साठे : 400 में से 10, 15 आदमी आए और नई कापी ले गये। इस के अलावा अभी आप के पास 100 कार्पीज पड़ी हुई हैं। इस में आप यह लिखते हैं :

"The New Code of Criminal Procedure Bill, 1972 containing (Comparitive tables relating to sections of old and new Codes) (As passed by Rajya Sabha) Bill No. XLI-C. 1972 dated 13th December, 1972).

Some of the Important Changes: While there were 565 Sections in the old Criminal Procedure Code, 1898, now, there are only 484 Sections in the newly to be enacted Criminal Procedure Code, 1972."

श्री नूरुल आबदीन : : जी, हां।

श्री वसंत साठे : यह आप की अंग्रेजी कौन लिखता है ?

श्री नूरुल आबदीन : लाइयर्स हैं।

श्री वसंत साठे : कौन लाइयर्स हैं ?

The Witness takes unduly long time to reply to the question.

श्री नूरुल आबदीन : कई आथर्स हैं। किसने लिखा है, मुझे याद नहीं है।

श्री वसंत साठे : यह किस ने लिखा है ?

श्री नूरुल आबदीन : यह मेरा ही बनाया हुआ है। टाइटिल पेज मैंने ही बनाया है।

श्री वसंत साठे : आप की एजूकेशन कहां तक हुई है ?

श्री नूरुल आबदीन : मैं बी० ए० पास हूं।

श्री वसंत साठे : बी० ए० पास होने के बाद आप हमें यह बतलाना चाहते हैं कि ह अंग्रेजी ठीक है।

श्री नूरुल आबदीन : इस का जो करेक्शन है वह हम ने अगली कापी में कर दिया । इसीलिए हम ने लिखा है :

"Provision is being made to enable adoption of the summons procedure for the trial of offences punishable with imprisonment up to two years instead of up to one year as at present."

श्री वसंत साठे : अच्छा यह बताइए कि इस नई कापी को छापते समय तो आप को मालूम था कि लोक सभा में यह बिल पास होने को है। आप ने कहीं लिखा कि यह लोक सभा में पास होने का है और इस में लोक सभा तरमीम कर सकती है। इस की जानकारी लोगों को होनी चाहिए। इस के लिए आप ने कहीं इस को मेंशन किया है ?

श्री नूरुल आबदीन : जी, नहीं।

श्री हरकिशन लाल भगत : क्या यह सत्य नहीं है कि पब्लिशर की हमेशा यह कोशिश होती है कि किताब मार्केट में जल्द आ जाय और फौरन बिक जाय जिस से पब्लिशर को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो, इस ख्याल से आप ने इस को इस तरह का टाइटल बना कर छापा ? अगर यह सही है तो जितने एक्सप्लेनेशन आप ने दिये हैं, वे गलत हैं ?

श्री नूरुल आबदीन : मैं इतना ही कह सकता हूं कि इस में कुछ गलती जरूर है।

श्री हरकिशन लाल भगत : मेरे माइण्ड पर तो यही इम्प्रैशन है—किन आप जवाब देने के लिए आजाद हैं जो जवाब आप देना चाहें दें। आप की बातों से एक इम्प्रशन तो यह पैदा होता है—जैसे आप ने बड़े अन्जाने में यह सब काम किया है आप को कुछ पता ही नहीं था, लोगों ने यह भूल करा दी, लेकिन मैं आप से सीधा प्रश्न पूछ रहा हूं– क्या मार्केट में सब से पहले आने के लिए आप ने इस तरह से किताब को छापा ताकि वह फौरन बिक जाय और आप को फायदा हो ? क्या इस बात का पूरा रियलाइजेशन आप को है या नहीं या किस नीयत से आप ने ऐसा किया ?

श्री नूरुल आबदीन : गल्ती का रियलाइजेशन मुझे है।

श्री हरकिशन लाल भगत : आप ने इसी नीयत से इस काम को किया या नहीं ?

श्री नूरुल आबदीन : जी हां।

श्री मौर्य : जहां से बात शुरू हुई थी मैं फिर वहीं पर आ जाता हूं। आप ने कहा— आप के ग्राहक एडवोकेटस हैं जजेज हैं– क्या इनके अलावा और भी कोई ग्राहक है ?

श्री नूरुल आबदीन : इनके अलावा और कोई नहीं हैं वैसे ला-जानने के लिये इसे कोई भी खरीद सकता है।

श्री मौर्य : क्या यह सही नहीं है कि आप की सब से बड़ी मार्केट स्टूडेंटस हैं ?

श्री नूरुल आबदीन : मेरे यहां स्टूडेन्टस की कोई मार्केट नहीं है।

श्री मौर्य : जो बेअर-एक्टस होते हैं उन की सब से बड़ी मार्केट स्टूडेन्टस होते हैं। पब्लिशर के रूप में आप इस बात को जानते हैं या नहीं ?

श्री नूरुल आबदीन : स्टूडन्टस के लिये लॉ की किताबें छापने वाले दूसरे पब्लिशर हैं हम तो लाइयर्स के लिये ही किताबें छापते हैं स्टूडेन्टस के लिये हमारी कोई पब्लिकेशन नहीं है।

श्री मौर्य : लेकिन जजज या एडवोकेट्स के लिये बेअर-एक्ट्स की उतनी जरूरत नहीं होती, उन को तो कमेन्ट्रीज के साथ जरूरत होती है। बेअर-एक्ट्स की जरूरत तो सिर्फ स्टूडेन्ट्स को होती है।

श्री नूरुल आबदीन : बेअर-एक्ट्स लायसर्ज ज्यादा परचेज करते हैं। कमेन्ट्रीज तो जब केसेज होते हैं तब आती हैं।

श्री मौर्य : आप ने बताया– वकीलों ने इसे छापने के लिये कहा था, उन को जरूरत थी, इस लिये छाप दिया। जब कि इस का गजट भी छपा था गजट की क्या कीमत थी और इस किताब की क्या कीमत थी, दोनों की कीमत में कितना फर्क है?

श्री नूरुल आबदीन : गजट के कोई दाम नहीं हैं, उसका एनुअल सब्सक्रिप्शन होता है, वह सब्सक्राइबर्स को ही मिलता है।

श्री मौर्य : गवर्नमेन्ट पब्लिकेशन सेन्टर्स से हर गजट की कापी खरीदी जा सकती है।

श्री नूरुल आबदीन : तमाम गजेट्स की कापी वहां नहीं मिलती है, वे कुछ की छापते हैं और कुछ की नहीं छापते हैं।

श्री मौर्य : आप ने अपने जवाब में यह बताने की कोशिश की है—चूंकि वकीलों ने, जजों ने कहा था, इस लिये छाप दिया। भगत साहब और दूसरे सदस्य भी बार-बार यही सवाल आप से पूछते रहे। मैं भी फिर आप से यही सवाल पूछ रहा हूं—जहां तक वकीलों और जजों का सवाल है उन के पास तो गजट की कापी होती है उस के अलावा भी अगर जरूरत पड़ती है तो डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर्स में किताब महल से इस की कापी मिल जाती है—फिर आप ने किस ख्याल से इस को छापा, क्या आप के सामने स्टूडेन्ट्स की खास मार्केट नहीं थी?

श्री नूरुल आबदीन : स्टूडेन्ट्स से इसका कोई मतलब नहीं है।

सभापति महोदय : ये कालिज स्टूडेन्ट्स के लिये नहीं कह रहे हैं, ला-पढ़ने वाले स्टूडेन्ट्स के लिये कह रहे हैं।

श्री नूरुल आबदीन : जब एक्ट बन जाता है तब स्टूडेन्ट्स को कहा जाता है कि एक्ट को पढ़िये। उस के बाद ही नये एक्ट को खरीदने की उन को जरूरत पड़ती है। बिल-फाम में नहीं खरीदते हैं।

श्री मौर्य : आप ने यह किताब किस महीने में छापी?

श्री नूरुल आबदीन : अप्रैल में छापी थी।

श्री मौर्य : कालिज कब खुलते हैं?

श्री नूरुल आबदीन : कालिज अप्रैल में बन्द होते हैं।

श्री मौर्य : किस टाइम पर खुलते हैं।

श्री नूरुल आबदीन : अगस्त-जुलाई में खुलते हैं।

श्री मौर्य : यह किताब मार्केट में कब आई ?

श्री नूरुल आबदीन : अप्रैल में आई।

श्री मौर्य : क्या आप की कापियां अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी में बहुत बड़ी तादाद में बिकी थीं—ऐसी जानकारी आप को है ?

श्री नूरुल आबदीन : जी नहीं।

श्री मौर्य : क्या आप को कोई आर्डर अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से गया था ?

श्री नूरुल आबदीन : जी नहीं।

श्री मौर्य : आप ने अपने जवाब में कहा है कि आप के यहां वकील हैं, जो इस को देखते हैं। जब आप से दो-चार सवाल पूछे गये तो आप ने बतलाया— वकीलों ने नहीं, मैंने खुद ही किया है।ये दो बयान आप ने किस ख्याल से दिये ? जिस वक्त मैंने सवाल पूछा था—आप ने जवाब दिया था— यह टाइटल वकील साहब ने बनाया था और वकील साहब ने देखा था, बाद में आप ने कहा कि मैंने खुद किया है—दो अलग अलग बयान क्यों दिये ?

श्री नूरुल आबदीन : मैंने यह कहा था कि वकील साहब सैक्शन्ज को देखते हैं. . .

श्री मौर्य : लेकिन टाइटल के बारे में जब श्री अटल बिहारी जी ने पूछा था तो आप ने बताया था कि वकील साहब ने इस को देखा था और उन से गलती हो गई थी। अभी जब साठे साहब ने पूछा तो आप ने दूसरी बात कह दी—किस घबराहट या परेशानी में आप ने ऐसा कहा ?

श्री नूरुल आबदीन : प्रूफ़ तो आते ही रहते हैं, किताबें बराबर छपती रहती हैं—यह याद नहीं रहता है कि किस ने देखा। पिछले 6 महीने से ज्यादा अर्से से मैं बहुत परेशानी में हूं पूरे काम को देख नहीं पाता हूं एम्पलाइज ही देखते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदारी सब हमारी है।

श्री मौर्य : आप का अपना प्रेस है या किसी दूसरे का प्रेस है ?

श्री नूरुल आबदीन : दूसरे का प्रेस है।

श्री मौर्य : कौन से प्रेस में छपवाया है ?

श्री नूरुल आबदीन : "बिलयर टाइप प्रेस" में छपी है।

श्री मौर्य : प्रूफ का रिकार्ड आप के पास है या प्रेस में है या खत्म कर दिया गया है ?

श्री नूरुल आबदीन : प्रेस के पास है।

श्री मौर्य : इस बिल में कहीं पर भी "न्यू" लफ्ज का इस्तेमाल नहीं हुआ है, लेकिन आपने इस्तेमाल किया है—क्या आप "दि न्यू" के मायने समझते हैं। "प्रोसीजर" के बाद इस में "बिल" है लेकिन आप की किताब में "बिल" नहीं लिखा है। इस के अलावा "टु बी" इस में छोड़ दिया गया है। "दि न्यू" का एडीशन करना, "बिल" को डिलीट करना, "कनैक्टेड" का जोड़ देना—ये तीनों चीजें क्या जाहिर करती हैं—क्या आप ने इसी इरादे के साथ इस को छपवाया था ?

श्री नूरुल आबदीन : टाइटल पेज की पोजीशन डिफरेंट है, वह तो किसी भी वक्त फट सकता है।

श्री बसंत साठे : फट तो इन्सान भी सकता है। इस बात को न भूलिये कि खरीदार सबसे पहले टाइटल पेज देख कर जाता है।

अध्यक्ष महोदय : आप इस तरह से जवाब न दें, जिस तरह से आप किसी चीज को एवाइड करना चाहते हैं। जब भी किसी किताब का नाम सामने आता है तो सब से पहले उसके नाम को ही देखा जाता है—क्या यह गलत है ? पहले तो टाइटल पेज का ही असर पड़ेगा, किताब के बीच में तो बाद में जायेगा—क्या यह गलत है ?

(उत्तर नहीं दिया)

श्री साठे : आप जितना अपने आप को कवर करने की कोशिश करेंगे, उस से काम नहीं चलेगा।

श्री नूरुल आबदीन : मैं इस के लिये माफ़ी मांगने को तैयार हूं।

श्री मौर्य : आपने हैदराबाद की पंचायत पब्लिकेशन का जिक्र किया, क्या उस वक्त उस का टाइटल आप के दिमाग में था—क्या आप उस को अपने साथ लाये हैं ?

श्री नूरुल आबदीन : मैं लाया नहीं हूं। उसमे शायद कमेन्ट्री आन क्रिमनल प्रोसजजर कोड लिखा हुआ है।

श्री मौर्य : क्या उस मे "दि न्यू" लफ्ज लिखा है ?

श्री नूरुल आबदीन : यह तो टाइटल पेज बनाने का अपना अपना तरीका है।

श्री मौर्य : क्या आप के टाइटल पेज, जिस पर एतराज हुआ है, और हैदराबाद वाले के टाइटल पेज में कोई फर्क है ?

श्री मौर्य : मैंने जहां से सवाल शुरू किया था वहीं पर खत्म करना चाहता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि टाइटिल में "दि न्यू" का जोड़ना, "बिल" शब्द का हटाना, "सन्" का बदलना और "इनेक्टेड" शब्द का जोड़ना, यह सब आप ने इसलिए छापा, जैसा कि भगत जी ने कहा, की आप उस से अपना नाम कमायें मार्केट में और इस के साथ साथ आप को आमदनी भी हो?

श्री नूरुल आबदीन : उस वक्त मेरे माइंड में यह चीज नहीं थी। कोई ऐसी इंटेन्शन मेरे दिमाग में उस वक्त नहीं थी।

श्री मौर्य : आप ने वैसे ही, जस्ट फार फन, यह सब छापा?

Shri Nurul Abdin: For attraction and distinction between the old and new.

Shri Maurya: You have made the changes for attraction.

Shri Nurul Abdin: So that the people may know the difference between the old and the new.

श्री हरकिशन लाल भगत : आप यह बताइएगा कि जब मैं ने यह सवाल पूछा था तो आप ने कहा था कि मैंने इस नियत से इस को छापा था कि मार्केट को केपचर करके फायदा उठाऊं और अभी जो मेरे लायक दोस्त ने आप से यह सवाल पूछा, तो आप ने कहा कि मेरे दिमाग में ऐसी कोई बात नहीं थी, तो इन में से कौन सी बात सही है?

श्री नूरुल आबदीन : सच्चाई यह है कि लोगों को नये एक्ट के बारे में बताना और सेल कर के कुछ फायदा उठाना, दोनों ही बातें थीं।

सभापति महोदय : जैसा कि हमारे दोस्त मौर्य साहब ने पूछा था, मैं आप से पूछना चाहता हूं कि आप ने "दि न्यू" और उस में जो 1972 लिखा था उस की बजाये "1973" क्यों लिखा था?

श्री नूरुल आबदीन : बिल के अन्दर क्योंकि इन्डिकेट किया हुआ था कि "It shall come into force on 1st July, 1973 इसलिए मैंने ऊपर 1973 लिखा था। दरअसल इस को 1970 लिखना चाहिए था।

सभापति महोदय : आप ने जो इस में लिखा है "टू बी इनेक्टेड", यह न तो अंग्रेजी बनती है और न इस से कोई मतलब निकलता है?

श्री नूरुल आबदीन : यह तो प्राइमा फेसी मिस्टेक है।

सभापति महोदय : एक तो अंग्रेजी की मिस्टेक होती है, वह दूसरी चीज है लेकिन आप तो यह इम्प्रेशन दे रहे हैं कि आप ने असलियत बताने से एवायड किया है। तीन दफ़ा इस सवाल को किया गया। एक दफ़ा पहले पूछा गया था और दो दफ़ा भगत जी ने पूछा और आखीर में मैंने इस को पूछा है। तो मैं जानना चाहता हूं कि आप नये लफ्जों में इस के बारे में कुछ कहना चाहते हैं।

Have you anything new to say?

श्री नूरुल आबदीन : हजूर बात यह है कि जहां तक टाइटिल पेज का सवाल है वह गलती जरूर है और मैं इस को पूरी तरह से रियेलाइज करता हूं।

Mr. Chairman: Have you gone through the letter you have written to the Secretary? Have you anything to say about its last paragraph? You have said apology for any infringement. What is this 'any'?

श्री नूरुल आबदीन : मुझे खुद अपनी गलती का पता नहीं था, इसलिए वर्ड "एनी" हम ने इस्तेमाल कर दिया। यह तो आप डिसाइड करेंगे कि गलती क्या है। यह मैं आपके ऊपर ही सब चीज छोड़ रहा हूं और जो चीज हुई है, उस की मैं माफ़ी मांगता हूं।

श्री बसंत साठे : अगर गलती हुई हो, तो फिर उस के लिए आप माफ़ी मांगते हैं?

श्री नूरुल आबदीन : जी, हां।

सभापति महोदय : अब आप जा सकते हैं।

(तत्पश्चात् समिति की बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई)

APPENDIX

(*See* para 11 of the Report)

THE NEW

CODE OF CRIMINAL PROCEDURE, 1973

CONTAINING

(Comparative Tables relating to Sections of Old and new Codes)

(*As passed by Rajya Sabha*)

Some of the Important Changes:—While there were 565 Sections in the Old Criminal Procedure Code, 1898. Now there are only 484 Sections in the newly enatced Criminal Procedure Code, 1973:

(1) Abolition of the Committal Proceedings in murder cases. (2) Bringing Separations of Judiciary in the entire country. (3) Abolition trial by jury. (4) Abolition of third class Magistrates and prescribing qualifications for Bench Magistrates, (6) Provision is being made to enable adoption of the summons procedure for the trial of offences punishable with imprisonment up to years instead of up to one year as at present. (7) The powers of revision against interlocutory orders are being taken away. (8) When adjournments are granted at the instance of either party the court is being empowered to order costs to be paid by the party obtaining the adjournment to the other party. (9) Provision is being made for the service of summons by registered post in certain cases. (10) In petty cases the accused is being enabled to plead guilty by post and to remit the fine specified in the summons. (11) If a Court of appeal or revision discovers that any error, omission or irregularity in respect of a charge has occasioned failure of justice, it need not necessarily order retrial.

Rs. 11/-

Hind Publishing House

LAW BOOKSELLERS & PUBLISHERS
1, M.G. Marg (Opp. High Court)
Post Box No. 92
ALLAHABAD—1.